# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

कार्यालय - होशंगाबाद मार्ग, भोपाल - 462 026

क्रमांक : 175/परीक्षा/2018 भोपाल, दिनांक 2/5/18

प्रति,

प्राचार्य/केन्द्राध्यक्ष,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्र,
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल।

विषय :–आगामी सत्र 2018–19 में होने वाली सभी परीक्षाओं का आयोजन सी.सी.टी.व्ही कैमरों की निगरानी एवं उसकी रिकार्डिंग को सुरक्षित रखने के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयांतगर्त लेख है कि दिनांक 06 अप्रेल 2018 को प्रातः 11.00 बजे, राजभवन, भोपाल में माननीय कुलाधिपतिजी की अध्यक्षता में संपन्न कुलपतिगण की बैठक में लिए गए निर्णय के आधार पर आपको निर्देशित किया जाता है वि.वि. अध्यादेश क्रमांक 05 के प्रावधानों के अंतर्गत वि.वि. से सम्बद्ध प्राचार्य का यह उत्तरदायित्व है कि वह परीक्षाओं को सुचारू रूप से नियमों के अनुसार संपन्न कराएं। इसलिए सभी सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यो को निर्देशित किया जाता है कि आगामी सत्र 2018–19 में आयोजित होने वाली सैद्धांतिक/प्रायोगिक/मौखिकीय आदि सभी परीक्षाओं का आयोजन सी.सी.टी.व्ही कैमरों की निगरानी में संपन्न कराएं एवं इसकी रिकार्डिंग को सुरक्षित रखते हुए एक प्रति विश्वविद्यालय में भेजना सुनिश्चित करें। इसका संपूर्ण उत्तरदायित्व संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य का होगा।

कुलसचिव
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल

पृ. क्रमांक 176 परीक्षा/2018 भोपाल, दिनांक 2/5/18

प्रतिलिपि:–

1– मान.कुलपतिजी के सचिव के माध्यम से मान.कुलपतिजी की ओर सादर सूचनार्थ।
2– कुलसचिवजी के निज सहायक के माध्यम से कुलसचिवजी की ओर सादर सूचनार्थ।
3– प्राचार्य/केन्द्राध्यक्ष, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्र बरकतउल्ला विश्वविद्यालय की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रस्तुत।
4– उपकुलसचिव/सहायक कुलसचिव परीक्षा/गोपनीय की ओर सूचनार्थ।
5– प्रभारी परीक्षा नियत्रंण कक्ष/बेवसाइट/जनसंपर्क की ओर इस आशय के साथ सूचनार्थ कि उक्त जारी पत्र को प्रचारित/प्रसारित किया जाना सुनिश्चित करेगें।
6– अनु.अधि/कक्ष अधिकारी/कार्यसहायक परीक्षा/गोपनीय की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
7– निजी नस्ती।

उपकुलसचिव (परीक्षा)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल